श्री बंशीधर नगर, बुधवार
24.04.2024
वैशाख कृष्णपक्ष प्रतिपदा संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 239


**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:33 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 39 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.


# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...





डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com



जीत के लिये इंडिया गठबंधन पूरी तरह तैयार >> पेज 03 | अर्जुन मुंडा ने किया नामांकन >> पेज 04


## सुविचार

कोई भी रिश्ता यहां उस वक़्त नजर नहीं आयेगा, जिस वक़्त आपको उसकी सख़्त जरूरत होगी।

## न्यूज अपडेट्स

### झारखंड में 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को हुए नामांकन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को सिंहभूम में चार, खूंटी में चार, लोहरदगा में सात और पलामू में पांच नॉमिनेशन फॉर्म खरीदे गए। इसमें सिंहभूम से तीन, खूंटी से दो, लोहरदगा में तीन और पलामू में तीन प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक झारखंड में चौथे चरण को लेकर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा भी मौजूद थीं।

### राज्य सरकार पर 25 हजार रु का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट राज्य में बिना ऑक्शन (नीलामी) के माइनिंग लीज देने, माइनिंग लीज का नवीकरण करने की जांच कराने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने जुमार्ने की यह राशि स्टेट बार काउंसिल में जमा करने का निर्देश दिया। साथ ही एक सप्ताह में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

**चुनाव** कालीचरण मुंडा का नामांकन, सीएम ने कहा

# भाजपा कभी आदिवासियों की भलाई नहीं कर सकती

**खूंटी।** इंडी गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद कांग्रेस और झामुमो कार्यकताओं ने झंडा- बैनर के साथ समाहरणालय से सहकारिता मैदान तक रैली निकाली। पतरा मैदान में इंडी गइबंधन के कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों और मूलवासियों की भलाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तो 11 लाख लोगो के नाम राशन कार्ड से हटा दिए गए, लेकिन जब यहा महागठबंधन की सरकार बनी, तो 20 लाख लोगों के हरा राशन काड़ दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि



भाजपा सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है। चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन है और चुनाव लड़ने मैदान में उतर आई है। उन्होंने कहा कि जंगल के बीच बसे गांव उलिहातू के वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर को तोड़ा, अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा की सरकार आदिवासी-मूलवासी का हित करने के बजाय जंगल से जुड़ी हमारी सभ्यता और संस्कृति को खत्म करने में जुड़ी है। आदिवासियों को उनके खुंटकट्टी अधिकार से वंचित करने की कोशिश भाजपा की सरकार कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी का जुमला धोखा सबित हुआ। न खाते में 15 लाख आए और ना ही काला धन वापस आया। नौकरी देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि इस बार का जुमला मोदी की गारंटी है, जो कभी पूरा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के संसदीय चुनाव में गठबंधन के साथ धोखा हुआ था। इस बार सभी कार्यकर्ता सावधान रहें। सीएम ने कहा कि बिरसा की इस पावन धरती पर आज की चिलचिलाती धूप में बैठी भीड़ ही महागठबंधन की महाशक्ति है। सीएम ने जोर देकर कहा कि पिछली बार वर्ष 2019 के चुनाव में जनता को धोखा दिया गया। इस कारण इस बार पूरी सावधानी के साथ काम करना है।

### आदिवासियों की आवाज दबाने के लिए हेमंत को जेल में डाला : मीर

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो आदिवासियों और मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे, उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। हमें इसे बचाना है और इसके लिए खूंटी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का जीत दिलानी है।


## भाजपा के मुख्यमंत्रियों पर कोई दाग नहीं : राजनाथ



**खूंटी।** राज्य के खूंटी लोकसभा सीट से मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अर्जुन मुंडा ने खूंटी के कचहरी चौक से रोड शो किया। इस दौरान गाड़ी पर उनकी पत्नी मीरा मुंडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो भी उपस्थित थे। रोड शो के बाद पतरा मैदान में भाजपा की जनसभा हुई। जनसभा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से जनसमर्थन मांगा। साथ ही केंद्र सरकार के स्तर से जनजाति समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए अर्जुन को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के बारे में बताने की जरूरत नहीं। यहां मुख्यमंत्री के तौर पर और केंद्र में मंत्री के तौर पर उनके योगदान को सभी ने देखा है। राजनाथ ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बाबूलाल, अर्जुन और रघुवर दास यहां मुख्यमंत्री बने लेकिन भ्रष्टाचार का दाग किसी पर भी नहीं लगा। हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर कहा कि इस राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री कहां हैं, बताने की जरूरत नहीं। अपने इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी नहीं सुना कि कोई मुख्यमंत्री डेढ़ दिनों तक लापता रहा। राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आप जानते हैं। उनका पूरा जीवन हिंदुस्तान की जनता के लिए समर्पित है। 24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाला कोई नेता अपने जीवन में देखा है, तो नरेन्द्र मोदी भाई को देखा होगा।

## वीडी राम व समीर उरांव का नामांकन आज

**रांची।** एनडीए के दो प्रत्याशी बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगे। पलामू से बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव नामांकन करेंगे। पलामू से एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। जनरल वीके सिंह नई दिल्ली से हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से पलामू के लिए रवाना होंगे। वहां से



बीडी राम के साथ डाल्टनगंज समाहरणालय जाएंगे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, राज्यसभा सदस्य सह महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे। लोहरदगा के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे।लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव बुधवार को गुमला समाहरणालय में नामांकन दाखिल करेंगे। इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे।

## कल्पना सोरेन 29 व अन्नपूर्णा दो मई को करेंगी नामांकन

**रांची।** झारखंड में चौथे चरण के चुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन भी शुरू हो जायेगा। 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राज्य सरकार के कई मंत्रियों समेत झामुमो के राज्यसभा सदस्य सरफराज





अहमद, गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहेंगे। कल्पना सोरेन के पर्चा दाखिल करने के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड़ में चम्पाई सोरेन की जनसभा भी होगी। जानकारी के अनुसार कल्पना सोरेन के प्रस्तावक गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के बनने की बात कही जा रही है जबकि दूसरे प्रस्तावक का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है। इनके अलावा दो मई को कोडरमा लोकसभा सीट के लिए ही केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह में नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे।

**डीजीपी और सीआईडी डीजी ने की समीक्षा बैठक, डीजीपी ने कहा**

# हर हाल में रोका जाएगा राज्य में नशे का कारोबार

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह और सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी मौजूद थे।

बैठक के दौरान डीजीपी ने सभी जिलों से पिछले पांच सालों के एनडीपीएस एक्ट में दर्ज मामले, अफीम, गांजा आदि की अवैध खेती के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, जब्त सामग्रियों के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, सभी संबंधित जिलों में सूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान डीजीपी ने हॉट स्पॉट का चयन कर ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के सप्लाई चेन को ध्वस्त करने, अतिरिक्त निगरानी रखने, जिलों में ड्रग डिटेक्शन किट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली । साथ ही अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने अवैध रूप से वैसे खेत जिसमें अफीम, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की



खेती होती है। उसको चिन्हित कर खेती करने वाले और जमीन के मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा डीजीपी ने ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के विवरणी को सत्यापित करते हुए पीआईटी एनडीपीएस के प्रस्तावों की स्थिति सहित विशेष शाखा के जरिये उपलब्ध कराए गए इनपुट के आधार पर जिलों की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों में बेलरों के सत्यापन और उनका विवरण सहित ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के जरिये अर्जित की गयी अवैध संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया।

इस दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और उसके व्यवसाय पर नियत्रंण के लिए बनाये गये रोड मैप की जानकारी दी। साथ ही आम लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध मादक पदार्थ के कारोबार को रोकने के लिए मादक पदार्थ से संबंधित सूचनाओं का आदान प्रदान करने और सूचना तंत्र को मजबूत कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एडीजी अभियान डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, आईजी अखिलेश झा, असीम विक्रांत मिंज, पंकज कम्बोज, डीआईजी कार्तिक एस, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन की जमानत पर एक मई को होगी सुनवाई

रांची। जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। ईडी के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक ईडी को जबाव दाखिल करने का



समय दिया है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

# एक शिक्षा सबो का अधिकार नारे के साथ आयोजित दो दिवसीय पदयात्रा का हुआ समापन



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ शुरू की गई एक शिक्षा सबो का अधिकार नारे के साथ आयोजित दो दिवसीय पदयात्रा का समापन हुआ। पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक इस पदयात्रा में पलामू के समाजसेवियों ने 47 किलोमीटर की पदयात्रा की। पदयात्रा का समापन मेदिनीनगर में किया गया। डीसी के चुनावी व्यवस्था को देखते हुये मांगों से संबंधित ज्ञापन उनके कार्यालय में सौंपा गया। ज्ञापन में कक्षा के अनुसार आवश्यक पुस्तकों का चयन एवं मूल्य निर्धारण सीमित करने, विद्यालय में 95 प्रतिशत एनसीईआरटी की किताबें लागू करने, मासिक फीस और बस भाड़ा का मापदंड तय करने, एडमिसन चार्ज, री एडमिसन चार्ज, डिवेलपमेंट चार्ज आदि पूर्णतः बन्द करने, स्मार्ट क्लास निःशुल्क करने, विद्यालय में साप्ताहिक स्कूल ड्रेस एक ही सुनिश्चित कराना, नामांकन के लिये खरीदे जाने वाले फॉर्म शुल्क खत्म करने समेत 9 सूत्री मांग शामिल है। पदयात्रा के दौरान पांकी से लेकर पलामू समाहरणालय तक जनकपुरी में परशुराम सेना के देवेंद्र तिवारी, राकेश पांडेय, विकास दुबे, लक्की पांडेय, आशीष भारद्वाज अधिनियम यात्रा में शामिल लोगों का भव्य स्वागत किया। इस यात्रा में कमलेश कुमार सिंह, मजदूर नेता राकेश सिंह, विवेक सिंह उर्फ लड्डू, बबलू चावला, धनन्जय राय, नागेंद्र गुप्ता, बिट्टू खान, शशिकांत तिवारी, मनोहर लाली, रिंकू सिंह आदि शामिल थे।

**न्यूज अपडेट्स**

### पोल पर तार जोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**गढ़वा :** जिले के रंका थाना क्षेत्र के घासेदाग गांव में बिजली के पोल पर तार जोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के महिला सहित चार लोग घायल हो गये। घायलों में विगन सिंह का पुत्र सुदेश सिंह, उसकी पत्नी प्रमिला देवी, पुत्री लक्ष्मी कुमारी एवं प्रियंका कुमारी के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में प्रमिला देवी ने बताया कि उसके घर का बिजली का तार पोल से टूटकर नीचे गिर गया था। जब उस तार को जोड़ने के लिये गये तो अमित सिंह उसे जोड़ने से मना कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में नोक झोक हो गई। इसके बाद अमित सिंह, सत्यनारायण सिंह, अंग्रेज सिंह, अकबर सिंह, संतोष सिंह, मनोज सिंह, गुरदेव सिंह, विकास सिंह आदि ने मिलकर उक्त चारों के साथ मारपीट की।

**पलामू** आम चुनाव-2024 के लिए नामांकन का पांचवां दिन

# कामेश्वर बैठा समेत तीन प्रत्याशियों का नामांकन

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा सीट से नामांकन को लेकर गहमागहमी शुरू हो गई है। पांचवें दिन मंगलवार को पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा समेत तीन प्रत्याशियों ने निवार्ची पदाधिकारी सह डीसी शशिरंजन के समक्ष नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने वालों में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अभय कुमार भुईयां व पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम के नाम शामिल हैं। इन्हें मिलाकर अब तक कुल चार प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन के चौथे दिन सोमवार को लोकहित अधिकार पार्टी के सनन कुमार ने पलामू लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया था। नामांकन को लेकर कचहरी परिसर क्षेत्र में काफी भीड़ देखी गई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी भी तैनात दिखे। सबसे ज्यादा भीड़ नामांकन करने पहुंचे बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कामेश्वर बैठा के साथ देखी गई। पलामू लोकसभा सीट से सोमवार तक 9 नामांकन पत्र बिक चुके थे। नामांकन पत्र खरीदने वालों में भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदयाल राम, राष्ट्रीय जनता दल की ममता भुईयां, सीपीआई के अभय भुईयां, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के वृंदा राम और पीके सत्येंद्र कुमार पासवान शामिल हैं।

### आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था, मेदिनीनगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

मेदिनीनगर : लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के नामांकन का दिन जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे पलामू में चुनावी सरगर्मी भी बढ़ती जा रही है। अब चौथे चरण के नामांकन के दो दिन शेष बचे हैं। पलामू लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा 24 अप्रैल को काफी संख्या में नामांकन किये जाने की संभावना व शहर में अत्यधिक भीड़ को देखते हुये पलामू जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। यातायत परिचालन की सुगमता को लेकर सभी छोटे-बड़े मालवाहक वाहनों का मेदिनीनगर शहर में प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। प्रवेश वर्जित की समय सीमा पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 04 बजे तक है। मालवाहक वाहनों को चैनपुर थाना अन्तर्गत मंगरदाहा घाटी के पास, बीसफुट्टा चौक के पास, चियांकी चेकनाका बाईपास के पास व मेडिकल कॉलेज पोखराहा के पास निर्धारित समय सीमा तक रोका जायेगा। उक्त जानकारी सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणिभूषण प्रसाद ने दी है।

### बैठक में ड्रॉप आउट बच्चों को शीघ्र अपने विद्यालय में जोड़ने का निर्णय



**रमना :** पिरामल फाउंडेशन के तत्वाधान में हमारा संकल्प जीरो ड्रॉप आउट पंचायत के तहत सदर पंचायत भवन के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया दुलारी देवी ने की। बैठक में पंचायत के सभी चार विद्यालयों के प्रधानाधापक सहित रमना पंचायत के 6 आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, जेएसपीएल सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद थे। बैठक के दौरान विद्यालय के पोषक क्षेत्र में ड्रॉप आउट बच्चो को जल्द से जल्द अपने विद्यालय में जोड़ने की बात कही गई। पिरामल फाउंडेशन के सदस्य कामेश कुमार ने कहा की संस्था का पूरा प्रयास है कि पंचायत में ड्रॉप आउट बच्चे को शत प्रतिशत जोड़ते हुये उन्हें सरकार के द्वारा मिल रही सभी सुविधाओं को पहुंचना है। उन्होंने कहा कि अभी गांव में बाल विवाह जैसे प्रथा कायम है जिसे हम सभी को मिलकर दूर करना है। कार्यक्रम के अंत में मुखिया दुलारी देवी ने बताया कि शिक्षा में नियमितता बच्चो के भविष्य के लिये बहुत जरुरी है। सभी विद्यालयों के प्राचार्यो ने निर्देश देते हुये उन्होंने कहा कि सभी छूटे हुये छात्र-छात्राओं को अविलंब अपने विद्यालय में जोड़ें। ताकि संस्था एवं सरकार के कार्य को पूरा किया जा सके। मौके पर फाउंडेशन से दुर्गेश तिवारी, मजहर इकबाल, प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मदेव उरांव, मनोज कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार, सहिया शकुंतला देवी, सेविका लालती देवी, मालती गुप्ता, शिलवंती देवी, फुलकुमारी देवी, सावित्री देवी, पूनम देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### पलामू में अतिसंवेदनशील बूथों पर पहुंचे प्रशासनिक पदाधिकारी

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर प्रखंड के चार अतिसंवेदनशील बूथों पर प्रशासनिक पदाधिकारी सीआरपीएफ के साथ पहुंचे। वोटरों से मिले और उनका विश्वास बढ़ाया। साथ ही पहले से बने भय के माहौल को दूर करने की कोशिश की। उल्लेखनीय है कि चैनपुर प्रखंड के चांदों एवं कंकारी में एक-एक एवं कोशियारा में दो बूथों को अतिसंवेदनशील माना गया है। इन बूथों पर दबंगों का प्रभाव रहता है और उनके द्वारा वोटिंग व वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। पूर्व में हुई घटनाओं को देखते हुए इन बूथों का जायजा लिया गया। मेदिनीनगर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, डीएसपी मणिभूषण प्रसाद, सीआरपीएफ 112वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट बीएन भोई के साथ बड़ी संख्या में जिला पुलिस और सीआरपीएफ के जवान चांदों में बूथ नंबर 143, कंकारी में 133 एवं कोशियारा में 72, 73 बूथ संख्या का जायजा लिया। पैदल फ्लैग मार्च किया। साथ ही वोटरों से मिलकर उनके भीतर विश्वास जगाया कि इस बार के चुनाव में प्रशासन भयमुक्त माहौल में वोटिंग कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# लेस्लीगंज में 230 ग्राम अफीम के साथ दो युवक गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत भकासी मध्य विद्यालय के पास से दो युवकों को 230 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में डबरा के मुडाथानटोला निवासी आशिष कुमार रंजन (22) पिता अवधेश यादव व अविनाश कुमार यादव (22) पिता नरधेश्वर यादव के नाम शामिल हैं। पुलिस ने आशिष कुमार रंजन के पास से 120 ग्राम व अविनाश कुमार यादव के पास से 110 ग्राम अफीम बरामदगी के साथ स्प्लेण्डर प्लस बाईक (जेएच 03 एस 1790) बरामद किया है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजु कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार को दिन के लगभग 12.30 बजे गुप्त सूचना मिली कि बतासे मध्य विद्यालय के आस-पास सुनसान जगह पर दो व्यक्ति अफीम बेचने के लिये खड़े हैं। सूचना के बारे में पलामू एसपी व लेस्लीगंज एसडीपीओ को जानकारी देने के बाद गठित दल ने उक्त स्थल पर छापामारी की जहां से दोनों को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में लेस्लीगंज (पांकी) एसडीपीओ मनोज कुमार झा, लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजु कुमार गुप्ता, पुअनि मनेश पासवान, एएसआई अजय कुमार, पुलिस जवान विनोद उरांव, शक्ति कुमार सिंह, सिन्टू लाल यादव, प्रेम कुमार सोनी, हयुम खान शामिल थे।

# बिस्कोमान का चुनाव निर्विरोध जीते प्रफुल सिंह

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** बिस्कोमान (बिहार-झारखंड) की विशेष आम सभा का निदेशक पार्षद के प्रतिनिधि निर्वाचन का चुनाव पलामू निवासी प्रफुल्ल कुमार सिंह ने निर्विरोध जीत लिया है। इस चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। डाल्टनगंज सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक परिसर स्थित बिस्कोमान भवन में उन्होंने बिस्कोमान के जिला मतदान पदाधिकारी सह निर्वाचन प्रभारी विवेक कुमार सिंह के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नामांकन नहीं किये जाने के बाद हुसैनाबाद के पिपरा प्रखंड निवासी प्रफुल्ल कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। प्रफुल वर्तमान में भूमि विकास बैंक (बिहार-झारखंड), बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (बिहार-झारखंड) में निदेशक पद पर कार्यरत हैं। साथ ही बिस्कोमान (बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव मार्केटिंग यूनियन लिमिटेड), झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में भी पलामू का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद प्रफुल सिंह ने झारखंड सरकार से यूरिया, दलहन, तिलहन आदि की खरीद के लिये बिस्कोमान को आधिकारिक रूप से स्टेट नोडल एजेंसी घोषित करने की मांग की। ताकि किसानों को यूरिया की कमी का सामना न करना पड़े और उन्हें लाभकारी मूल्य पर खाद मिल सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों के लिए यूरिया की कोई कमी नहीं होगी और किसानों से यूरिया के लिये एक रुपये अतिरिक्त नहीं लिया जायेगा। बता दें कि प्रफुल अविभाजित बिहार के सहकारी नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय अवधेश सिंह के पुत्र हैं। अवधेश सिंह 1995-2000 तक बिहार के सहकारिता मंत्री भी रहे थे।

# वीर कुंवर सिंह महान योद्धा के साथ-साथ पराक्रमी और लौह पुरुष थे : इंदल

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा श्री बंशीधर नगर अनुमंडल इकाई की ओर से मंगलवार को वहां महासभा के कार्यालय में वीर कुंवर सिंह की जयंती शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई। जयंती समारोह का शुभारंभ अनुमंडल अध्यक्ष इंदल सिंह ने वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। उस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अध्यक्ष इंदल सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह सिपाही विद्रोह के क्रांति दूत थे। वे एक महान योद्धा होने के साथ-साथ पराक्रमी और लौह पुरुष थे। 80 साल की उम्र में भी उन्होंने तलवार उठाई और अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह में देश भक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। उनका नाम सुनते ही अंग्रेज कांप जाते थे। महासभा के उपाध्यक्ष मणिरत्न प्रताप देव उर्फ चंचल ने वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वीर कुंवर सिंह वीरता और आदर्श के प्रेरणा स्रोत हैं। उस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दादुल सिंह, देवेंद्र सिंह, राकेश सिंह, श्यामबरन सिंह, नीलू सिंह, दीपक सिंह, मनोज प्रताप देव, बलवंत प्रताप देव समेत क्षत्रिय परिवार के कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### ढाबा में दीवार काटकर चोरी, 65 हजार का नुकसान

**नावाबाजार :** एनएच 75 मुख्य पथ के पड़वा विश्रामपुर मुख्य मार्ग पर ब्रहमोरिया-लादी गांव स्थित अपना ढाबा में चोरों ने दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में लगभग 60 हजार रुपये मूल्य की सामग्री समेत नगद 5800 रुपये चोरों के हाथ लगे हैं। पीड़ित अजय विश्वकर्मा ने घटना की जानकारी नावाबाजार थाना को दे दी है। जानकारी के अनुसार अजय विश्वकर्मा के द्वारा एनएच 75 स्थित ब्रहमोरिया-लादी गांव में अपना ढाबा नाम से एक लाईन होटल संचालन किया जाता है। जहां इंजीनियरिंग वर्क्स व गाड़ी वाशिंग का भी काम होता है। भुक्तभोगी ने बताया कि सोमवार को वह दुकान को बंद कर घर गये थे। मंगलवार की दोपहर जब वे लौटे तो दुकान के दीवार की पिछले हिस्से को काटा गया व वहां रखे नगद सहित बैटरी, ब्रेकर, दो ग्रेडिंग मशीन, फ्रिज में रखे ठंडा आदि गायब देखा। पीड़ित ने बताया कि दुकान के आसपास हिरोंचियों का आना-जाना लगा रहता है। संभावना है कि उन्हीं लोगों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है।



# पलामू सीट पर जीत के लिये इंडिया गठबंधन पूरी तरह तैयार

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। पक्ष और विपक्ष सभी पूर्ण रूप से कमर कसकर जनता को अपने पक्ष में गोलबंद करने में व्यस्त हो गये हैं। निश्चित रूप से यह एक बड़ा चुनाव है। गांव से लेकर शहर और देश स्तर तक की प्रमुख समस्याओं के निदान के लिये चुने हुये सांसद संसद भवन में प्रत्यनशील रहते हैं। भले ही झारखंड की राजधानी रांची हो, परंतु राजनीतिक राजधानी पलामू को कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसे में चुनाव में पलामू का राजनीतिक तापमान भी बढ़ चुका है। भाजपा ने एक ओर जहां बीते 10 वर्षों से सांसद रहे विष्णु दयाल राम को तीसरी बार टिकट दिया है। वहीं इंडिया गठबंधन ने राजद की ममता भुईयां को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। झामुमो के पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि सांसद का पद एक गरिमा पूर्ण और विभिन्न उत्तरदायित्व को बेहतर रूप से निभाने का पद है, परंतु 10 साल सांसद रहने के बावजूद वीडी राम का कार्यकाल आम जनमानस की सोच के बिल्कुल विपरीत रहा है। कांग्रेस के पलामू जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने भी आगामी लोकसभा चुनाव में ममता भुईयां के पक्ष में लोगों को गोलबंद करने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस प्रकार देश में सांप्रदायिकता, धर्म, जाति के आधार पर लोगों में द्वेष फैला रही है, इसका जवाब पलामू की जनता आगामी चुनाव में ममता भुईयां को जिताकर देगी। निश्चित रूप से कांग्रेस और घटक दलों के सभी सहयोगी नेता और एक-एक कार्यकर्ता ममता भुईयां के प्रचार-प्रसार में पूरी तरह कमर कस कर तैयार हैं। चुनाव में हम सभी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां को जिताने का कार्य करेगें और इसके लिये कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ तत्पर है।

## गढ़वा > वर्ल्ड टेबल टेनिस डे पर प्रतियोगिता, अलखनाथ ने कहा

# टेबल टेनिस को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाना लक्ष्य

### अर्णव, आयुषी, मयंक, इशिका एवं हर्षित अपने अपने ग्रुप के बने चैंपियन

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से वर्ल्ड टेबल टेनिस डे के अवसर पर यहां सामुदायिक भवन वन विभाग के परिसर में एक दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, जेपीएस सेंट्रल स्कूल के निदेशक चन्द्र भुषण सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। उस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुये अलखनाथ पांडेय ने कहा कि गढ़वा जिला में टेबल टेनिस के खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं, हम सबका लक्ष्य गढ़वा से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकाला है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि कम संसाधन में खिलाड़ी अपनी मेहनत के बदौलत जिस मुकाम तक पहुंचे हैं अगर उन्हें और बेहतर संसाधन उपलब्ध करा दिया जाय तो निश्चित ही यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भी मेडल प्राप्त करेंगे। नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार की भी सहायता की आवश्यकता होगी सरकार आपके साथ है और जरूरी चीजों को उपलब्ध कराने में हमारी जब भी जरूरत हो आप कहें मैं आपके साथ हूं। उपाध्यक्ष सुशील केशरी ने कहा कि संघ बच्चों के लिये बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रहा है। खिलाड़ी लगातार मेहनत करें निश्चित ही सफलता प्राप्त करेंगे। प्रतियोगिता में अन्डर 11 बालक वर्ग में अर्णव कुमार दुबे ने खेसारी लाल नंदन को 2-0 से, बालिका वर्ग में पलक ने नंदिनी को 2-0 से अंडर 13 बालिका वर्ग में आयुषी कुमारी ने मानवी चौबे को 2-0 से अन्डर 15 बालक वर्ग में मयंक राज ने अर्णव राज पांडे को 2-0 से अंडर 15 बालक वर्ग में रोशन कुमार गुप्ता ने अनिमेष मिश्रा को 2-1 से अंडर 15 बालिका वर्ग में इशिका कुमारी ने सुहाना खान को 2-0 से, अंडर 17 बालक वर्ग में हर्षित कुमार पांडे ने उज्जवल कुमार को 2-0 से बालिका वर्ग में आयुषी कुमारी पांडेय ने अंजली कुमारी को 2-1 से हराकर किताब पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षक सुशील तिवारी, एनटीसीए के प्रधानाध्यापक अभय कुमार, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे ने किया।

### वीडी राम आज करेंगे नामांकन, विधायक आलोक ने लोगों को दिया निमंत्रण

**मेदिनीनगर :** अबकी बार 400 पार का नारा के साथ डाल्टनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के समर्थन में चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मझिगावा, पूर्णमझिगावा, कटुअल, तेनला, कोसियारा, लिधकी, मैरा, लोकया, पतरिया, नरसिहपुर पथरा आदि गांव का दौरा किया। साथ ही उन्होंने 24 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में लोगों से शामिल होने की अपील की। विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि एक तरफ विपक्ष सभी एकजुट होकर सत्ता के खिलाफ षड्यंत्र करने पर आमादा है और आरोप की झड़ी लगा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भाजपा की सरकार जनहित जनहितैषी और आम अवाम के लिये सुलभ सुविधाओं की व्यवस्थाओं में अपना तन मन क्रम वचन से लगी हुई है। इस दौरान जिला पार्षद रामलव चौरसिया, पूर्व जिला पार्षद संटू चौरसिया, भीष्म चौरसिया, अशेष प्रसाद, रामकरेश प्रसाद, रामकृष्ण प्रसाद, विनोद चौरसिया, अशोक चौरसिया, दिलीप प्रसाद, सोशल मीडिया प्रभारी पथरा मंडल भानु, गोपाल प्रसाद, नागेन्द्र प्रसाद, उदय चौरसिया समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### पानी पिलायें, बहायें नहीं : अविनाश वर्मा

**मेदिनीनगर :** प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड की पहल पर पनशाला चैनपुर स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन विद्यालय की ओर से पनशाला खोला गया। इसका उद्घाटन संयुक्त रूप से प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव दिव्येन्दु गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार एवं विद्यालय के निदेशक सिकंदर आजम ने राहगीरों को पानी पिलाकर तथा अल्पाहार देकर किया। मौके पर प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि अंधेरा लाख हो पुण्य का दीपक अवश्य जलायें। मौके पर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी सह कार्यालय सचिव सतीश अग्रवाल, विद्यालय के प्रिंसिपल अब्दुल हक, शिक्षक शिक्षिकाएं जयंती सहाय, शोभा कुमारी, नीलम कुमारी, सतीश गुप्ता, अमरेश कुमार, आरिफ आलम, तबसुम, शाहिस्ता सहित कई लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल की शिक्षिका शशि मिंज ने किया।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने मतौली-खपरो मार्ग को एक घंटे तक किया जाम



**गढ़वा :** जिले के रमकंडा प्रखंड में पथ निर्माण विभाग की ओर से करीब 65 करोड़ की लागत से बन रहे रंका-रमकंडा सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य में पानी नहीं पटने से इन दिनों धूल उड़ रही है। इससे सड़क किनारे बसे घरों सहित राहगीरों को परेशानी हो रही है। संवेदक की ओर से बरती जा रही लापरवाही से आक्रोशित होकर रंका के मतौली-खपरो के ग्रामीणों ने एक घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इस दौरान निर्माण कार्य से जुड़े वाहन सहित दोनों ओर से अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गयी। हालांकि घंटे भर बाद निर्माण कार्य से जुड़े मुंशी की ओर से सड़क में तत्काल पानी पटाने (क्यूंरिंग) का आश्वाशन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा दिया। ग्रामीण यासीन अंसारी सहित अन्य ने बताया कि सड़क निर्माण में पानी नहीं पटाने से धूल उड़ रही है। धूल इतनी उड़ रही है कि घर में भोजन करते समय उनके थाली में धूल जमा हो जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इन्ही समस्याओं को लेकर जब सड़क जाम कर निर्माण कार्य से जुड़े वाहनों सहित अन्य वाहनों को रोका गया तो संवेदक की ओर से आनन फानन में सड़क में पटवन कराना शुरू कर दिया गया। लेकिन दूसरे दिन से ही निमार्णाधीन सड़क में पानी पटाना बंद कर दिया गया।

## वीडी राम को भारी मतों से जिताने का लिया संकल्प

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** एनडीए प्रत्याशी वीडी राम की अध्यक्षता में एनडीए नेताओं की बैठक हुई। बैठक में आजसू पार्टी के पदाधिकारी के अलावा लोजपा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे मौजूद थे। आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि हम सब मिलकर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम को कीर्तिमान मतों से जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। 24 अप्रैल को नामांकन में पलामू गढ़वा जिला से काफी संख्या में हमारे कार्यकर्ता शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में शामिल होंगे। सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कहा कि हम मिलजुल कर चुनाव लड़ कर राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका दर्ज करायेगें। बैठक में आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव बिकेश शुक्ला, बबलू गुप्ता, बिजय मेहता, तुलसी शुक्ला, भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, आशिष सिन्हा, धर्मदेव यादव आदि मौजूद थे।

## युवा भक्तों ने किया हनुमान चालीसा का 1221 सस्वर पाठ

बंशीधर न्यूज



**रंका :** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के आह्वान पर रंका के उत्साही भक्तों नें रघुनाथ अखाड़ा स्थित बजरंग बली के प्रतिमा के समक्ष 1221 हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। मौके पर महंत बलराम पाण्डेय नें बताया कि रंका से भी कुछ लोग मध्यप्रदेश के छत्तरपुर जिले के सिद्धपीठ बागेश्वर धाम गये थे। वहां से पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के आह्वान पर विश्व कल्याण एवं सनातन संस्कृति के लिये 111 श्रद्धालुओं नें 11-11 बार हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। मौके पर विवेक चौधरी, हिमांशु रंजन, सोनू मधेशिया, अमरेन्द्र कुमार सहित अन्य भक्त उपस्थित थे।

## मानस मंडली गढ़वा की ओर से अयोध्या में किया जायेगा संगीतमय सुंदरकांड पाठ

# संस्कार बढ़ाने के लिए सुंदरकांड का पाठ : द्वारिका

बलराम शर्मा



**मेराल :** मानस मंडली गढ़वा की ओर से आगामी 30 जुलाई को अयोध्या के श्रीराम मंदिर स्थित यज्ञ मंडपम में अपने 500 वां साप्ताहिक अखंड संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जायेगा। मंडली के अनुरोध पर अयोध्या श्री राम मंदिर ट्रस्ट से इसकी अनुमति मिल गई है। अयोध्या धाम की पवित्र भूमि पर 500 वां आयोजन को लेकर मंडली के लोग काफी उत्साहित हैं। उक्त आयोजन को लेकर मानस मंडली के कोर कमेटी की एक बैठक मंडली के संयोजक द्वारिकानाथ पांडेय के आवास पर हुई, जिसमें 30 जुलाई 2024 दिन मंगलवार को अयोध्या के यज्ञ मंडपम में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का 500 वा आयोजन को ऐतिहासिक बनाने पर चर्चा के बाद रूपरेखा तैयार की गई। इसकी जानकारी देते हुए द्वारिकानाथ पांडेय ने कहा कि संस्कार और संस्कृति को बढ़ाने के लिये हर मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड का पाठ आयोजन किया जाता है। मुख्य गायक अरुण दुबे ने बताया कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय जी महाराज के द्वारा उक्त आयोजन में 100 लोगों को शामिल होने की अनुमति दी गई है। आयोजन में शामिल होने वाले लोगों को पहचान पत्र बनाना अनिवार्य होगा। ताकि वहां आसानी से प्रवेश मिल सके। ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने के लिये ड्रेस कोड निर्धारित किया गया। जिसमें भगवा रंग का कुर्ता, उजला पायजामा, रामनामी पट्टा के साथ पीले रंग का गमछी शामिल रहेगा। आने जाने तथा रहने खाने की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में अशोक पटवा, अमरेंद्र कुमार मिश्रा, आत्मा पांडेय, दिलीप कुमार पाठक, श्रीपति पांडेय, मनोज दुबे, दिलीप श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, शेखर सिन्हा आदि शामिल थे।

## वीर कुंवर सिंह सिपाही विद्रोह के क्रांति दूत थे : अभिषेक

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो नेता सह समाज सेवी अभिषेक सिंह व संचालन झामुमो युवा मोर्चा के सचिव आशुतोष विनायक ने किया। वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर फूलमाला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मौके पर झामुमो नेता सह समाज सेवी अभिषेक सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह सिपाही विद्रोह के क्रांति दूत थे। वे एक महान योद्धा होने के साथ-साथ पराक्रमी और लौह पुरुष थे। 80 साल की उम्र में भी उन्होंने तलवार उठाई और अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये। वीर कुंवर सिंह में देश भक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। उनका नाम सुनते ही अंग्रेज कांप जाते थे। वे गुरिल्ला युद्ध कला के विशेषज्ञ थे। अभिषेक सिंह ने कहा वीर कुंवर सिंह हम सबों को कभी नहीं झुकने और अत्याचारियों के खिलाफ अंतिम सांस तक लड़ते रहने की प्रेरणा देते हैं। आशुतोष विनायक ने कहा उज्जैन वंशी होने के नाते मुझे उन पर गर्व है और उनसे आज भी ताकत मिलती है। जिस तरीके से अस्सी के उम्र में महायोद्धा ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी ये सभी लोगों को युगों युगों तक प्रेरित करते रहेगा। श्रद्धांजलि करने वालों में सूरज प्रताप सिंह, बिशु सिंह, रोहित सिंह, विकास सिंह, प्रशांत सिंह, ललित सिंह समय क्षत्रिय समाज के कई सदस्य शामिल थे।

# भाजपा के अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने भरा नामांकन पत्र

**खूंटी।** अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो के साथ जिला निवार्ची कार्यालय पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी मीरा मुंडा ने माता सोनमेर मंदिर और बाबा आम्रेश्वर धाम में पूजा-अर्चना की और जीत का आशीर्वाद मांगा। नामांकन के दौरान खूंटी, तोरपा, माड़, अड़की, सरायकेला, खरसावां, सिमडेगा, गुमला सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों भाजपा और आजसू कार्यकताओं का हुजूम उमड. पड़ा था। नामांकन के बाद अर्जुन मुंडा ने मीरा मुंडा, बाबूलाल मरांडी, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और सुदेश महतो के साथ कच्हरी मैदान से पतरा मैदान तक रोड शॉ किया, जिसमें भारी संख्या में भाजपा समर्थकों ने भाग लिया।

### देश में मोदी जैसा तपस्वी प्रधानमंत्री : राजनाथ सिंह

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अंतरराट्रीय मंच पर भारत का मस्तक ऊंचा रखना है तो हमें नरेंद्र मोदी जैसे तपस्वी पुरुष को





फिर से प्रधाानमंत्री बनाना है, जिन्होंने देश के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का प्रतिफल ही है कि आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे अपना परिवार बनाने के लिए राजनीति करते हैं जबकि हम देश व समाज बनाने के लिए राजनीति कर रहे हैं। हमेशा से हिंदू मुस्लिम के नाम पर बटवारा करने वाले कांग्रेसियों ने देश की सामाजिक समरसता को तार तार करने का काम किया। वे लोगों में भय पैदा कर वोट हासिल करना चाहते हैं, जबकि हम लोगों की सेवा कर उनका वोट प्राप्त करते हैं। उन्होंने विपक्ष पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड में भाजपा के तीन मुख्यमंत्री बने। हमारे तीनों मुख्यमंत्री के दामन पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा वहीं यहां के पूर्व सीएम तो डेढ़ दिन तक गायब रहे, जो मैंने अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार देखा। उन्होंने कहा कि विपक्षी हमेशा से जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम करते हैं जबकि हम जनता की आंखों में आंखें डालकर राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को पहली बार इस सरकार ने सम्मान देने का काम किया है। साथ ही समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान देने के साथ ही ऊपर उठाने का काम बीजेपी कर रही है। उन्होंने लोगों से इस बार अर्जुन मुंडा को तीन लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर अर्जुन मुंडा इतने मतों से विजयी होते हैं तो खूंटी की जनता का अभिवादन करने मैं खुद यहां आऊंगा। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है ,हमें उसे हकीकत में बदलना है। उन्होंने कहा कि खूंटी की पूरी जनता भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी है और खूंटी की जीत भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि यह नामांकन खूंटी को विकसित बनाने के लिए है। यह नामांकन खूंटी के जनमानस के आकांक्षाओं के लिए है। यह नामांकन भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का खूंटी बनाने के लिए है। यह नामांकन मेरे आदिवासी भाइयों-बहनों को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए है।

# भाजपा हार मान चुकी है : गौतम सागर राणा

**रांची।** राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने कहा कि भाजपा चुनाव में हार मान चुकी इसलिए अनर्गल बयानबाजी पर उतर आई है। देश की जनता इन्हें परास्त कर सत्ता से हटाने का काम करेगी। राणा मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश की 70 फीसदी आबादी के बराबर कुछ लोगों के पास बेहिसाब धन हो गया है। राजद बाबा साहब अम्बेडकर के विचारधारा को तोड़ने वाले भाजपा की नफरती मानसिकता को सफल होने नहीं देगी। इस दौरान लोकसभा चुनाव में राजद




पार्टी की भूमिका और राज्य में गठबंधन दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए 49 सदस्यीय टीम का एलान किया। साथ ही कहा की जिला स्तर पर लोकसभा वार कमिटी शीघ्र घोषित की जायेगी। इस दौरान महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार,उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली,महासचिव मनोज पांडे,युवा अध्यक्ष रंजन कुमार, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी,श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधीर गोप,सचिव चंद्रशेखर भगत, शालिग्राम पांडेय,शाहबाज अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को विरोधियों से अधिक अपनों से खतरा

**रांची।** राज्य में कांग्रेस के चार प्रत्याशियों को विरोधियों से अधिक अपनों से ही खतरा है। कई जगहों पर कार्यकर्ता खुलकर पार्टी प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। इसकी झलक पिछले दिनों रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में भी देखने को मिली। उन्हें चुनाव मैदान में प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबले से पहले बगावत और भितरघात की चुनौती से जूझना होगा। झारखंड में इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग के तहत कांग्रेस के हिस्से 14 में से सात सीटें आई हैं। इनमें चार सीटों चतरा, गोड्डा, धनबाद और लोहरदगा में उम्मीदवारी घोषित किए जाने के बाद सामने आ रही प्रतिकूल रिपोर्टों की वजह से कांग्रेस नेतृत्व चिंतित है। भाजपा की तरह गोड्डा सीट पर तो पार्टी को उम्मीदवार बदलना पड़ा है। चतरा सीट पर भी गठबंधन से बगावत की तेज लहर की वजह से घोषित प्रत्याशी का नाम वापस लेकर उसकी जगह दूसरा चेहरा देने पर गंभीरता से विचार चल रहा है। बीते 21 अप्रैल को रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली के दौरान चतरा से कांग्रेस के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थकों और विरोधियों के बीच जमकर मारपीट हो गई थी। इसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए थे और रैली में कुछ वक्त के लिए अफरा-तफरी मच गई थी। केएन त्रिपाठी डाल्टनगंज के रहने वाले हैं। उन्हें चतरा सीट पर उम्मीदवार बनाए जाने से कांग्रेस कार्यकताओं का एक समूह तो नाराज है ही, गठबंधन की दूसरी पार्टी राजद के नेता-कार्यकर्ता खुलेआम बगावत पर उतर आए हैं। साथ ही चतरा के स्थानीय नेता को उम्मीदवार बनाने की मांग कर रहे हैं। इस सीट पर राजद की भी प्रबल दावेदारी थी लेकिन कांग्रेस ने यहां अपना उम्मीदवार उतार दिया। गोड्डा सीट पर कांग्रेस ने पहले महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह को प्रत्याशी बनाया था। उनकी उम्मीदवारी घोषित होते ही देवघर और गोड्डा में पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। पार्टी के जिला कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन करते हुए नेताओं-कार्यकर्ताओं ने सामूहिक इस्तीफे तक की धमकी दे दी। आखिरकार पांच दिन बाद पार्टी ने यहां दीपिका की जगह पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया। कांग्रेस के जामताड़ा क्षेत्र के विधायक डॉ. इरफान अंसारी इस सीट पर अपने पिता फुरकान अंसारी को टिकट देने की मांग कर रहे थे। फुरकान अंसारी और इरफान अंसारी का कहना है कि पार्टी ने पूरे राज्य में एक भी मुसलमान को उम्मीदवार नहीं बनाया जबकि उनकी आबादी 18 फीसदी है।

# हेमंत भाजपा के वॉशिंग मशीन में धुलने को तैयार होते आज झारखंड में भाजपा के साथ उनकी सरकार होती : दीपिका

दुमका। कांग्रेस द्वारा दीपिका पांडे सिंह को पहले गोड्डा लोकसभा का टिकट दिया गया फिर उनका टिकट काटकर प्रदीप यादव को थमा दिया गया। पार्टी के इस फैसले से दीपिका पांडे सिंह नाराज नहीं हैं। मंगलवार को दुमका में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपना चुनाव जीतने के लिए जितनी मेहनत से लड़ती उससे ज्यादा मेहनत अब प्रदीप यादव के लिए करूंगी और निशिकांत दुबे को रिकार्ड मतों से हराकर यह सीट कांग्रेस की झोली में डालूंगी। दीपिका पांडे सिंह मंगलवार



को एक केस के सिलसिले में पेशी के लिए दुमका कोर्ट आई हुई थीं, जहां से निकलने के बाद उन्होंने मीडिया के समक्ष ये बातें कहीं। कोर्ट में उनका मामला 2017 का था, जहां महागामा थाना क्षेत्र में एक सड़क जाम के दौरान हंगामा हुआ था।

विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली की सफलता यह बताती है कि जनता में केंद्र और भाजपा के प्रति कितना आक्रोश है। आज हेमंत सोरेन को सिर्फ इसलिए जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने भाजपा के वाशिंग मशीन में धुलने से इनकार कर दिया। अगर वे बात मान लेते तो झारखंड में उनकी भाजपा के साथ सरकार बनती। जब बात नहीं मानी तो गलत मामलों में फंसाकर हेमंत को जेल भेजा, इससे जनता में नाराजगी है और चुनाव में सभी 14 लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन की जीत होने वाली है।

दीपिका पांडे सिंह ने गोड्डा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जो विकास के काम गिनाते हैं वह सभी यूपीए- 2 के कार्यकाल में पारित हुए थे। निशिकांत दुबे के सांसद बनने से उन योजनाओं को धरातल पर उतरने में काफी विलंब हुआ. महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि आज क्षेत्र की जनता के साथ-साथ भाजपा कार्यकताओं का विश्वास उन पर से उठ चुका है, उनके तानाशाही रवैये से सभी परेशान हैं।

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि गोड्डा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले छह विधानसभा सीट में उन्होंने 36 संभावित उम्मीदवार को आने वाले दिनों में टिकट दिलवाने के लिये पीठ ठोक रखा है। लेकिन उनकी यह चाल अब जनता की समझ में आने लगी है। उन्होंने चुनाव प्रचार नहीं करने की जो बात कही है इससे पता चलता है कि उन्हें जनता से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में इस लोकसभा चुनाव में निशिकांत दुबे की हार तय है, यह सीट कांग्रेस रिकार्ड मतों से जीतने जा रही है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)